मध्यप्रदेश विधान सभा

फरवरी - मार्च, 1992 सत्र

दैनिक कार्य सूची

गुरूवार, दिनांक 12 मार्च, 1992 (फाल्गुन 22, 1913)

समय 10.30 बजे दिन

1. प्रश्नोत्तर

पृथकतः वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

2. नियम 138 (1) के अधीन ध्यानाकर्षण

(1) श्री मोतीलाल वोरा, डा. गोविन्द सिंह, श्री जुगदम्बा प्रसाद निगम, सदस्य, मंदसौर जिले के ग्राम रतितलाई में बांछड़ा जाति के कुछ लोगों की मारपीट से हुई मृत्यु की ओर मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) डा. गोविन्द सिंह, श्री ललित जैन, श्री गजराज सिंह सिकरवार, सदस्य, भोपाल शहर में हुई डकैती की घटना की ओर मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

3. याचिकाओं की प्रस्तुति

(1) श्री किशोर सखवार, सदस्य -

(क) जिला मुरैना के ग्राम चुरनदन का पुरा में प्राथमिक शाला भवन निर्माण कराने,
(ख) जिला मुरैना के ग्राम धरमपुरा में पक्का खरंजा बनाये जाने, तथा
(ग) जिला मुरैना के ग्राम रामचन्द्र का पुरा में प्राथमिक शाला भवन निर्माण कराने,

(2) श्री मदनलाल त्यागी, सदस्य -

(क) जिला सीहोर के ग्राम चरनाल को सड़क से जोड़ने हेतु बीच के नाले में पुल निर्माण कराने,
(ख) जिला सीहोर के ग्राम चांदबड़ जागीर के बड़े नाले पर स्टाप डेम बनाये जाने,
(ग) जिला सीहोर के ग्राम मगरदा को चरनाल चांदबड़ सड़क से जोड़ने,
(घ) जिला सीहोर के ग्राम मगरदा के नाले पर स्टाप डेम बनाये जाने, तथा
(ड) जिला सीहोर के ग्राम चांदबड़ से वासियां-मेंगरा सड़क के निर्माण एवं वासियां नाला का रपटा बनवाये जाने,

(3) श्री प्रकाश जैन, सदस्य -

(क) जिला सागर शहर के शुक्रवारी, नामदेव महेन्द्र मार्ग का निर्माण कराने, तथा
(ख) जिला सागर शहर के गोपाल गंज श्मशान घाट मार्ग का निर्माण कराने,

(4) श्री कमजी गमीरा, सदस्य, जिला रतलाम विकास खण्ड पिपलोदा के ग्राम हतनारा में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोले जाने,

(5) श्री रघुनन्दन शर्मा, सदस्य -

(क) जिला राजगढ़ के ग्राम टोडीकला में पशु चिकित्सालय प्रारंभ कराने,
(ख) जिला राजगढ़ के तहसील राजगढ़ के नाले पर रपटा निर्माण कराने,
(ग) जिला राजगढ़ के ग्राम घोघड़ियों में निस्तारी तालाब का निर्माण कराने,
(घ) जिला राजगढ़ के ग्राम करनवास में थाना खोले जाने,
(च) जिला राजगढ़ के तहसील राजगढ़ के ग्राम पंचायत खरना के ग्राम खड़ियापुरा में स्कूल प्रारंभ कराने,
(छ) जिला राजगढ़ के ग्राम पंचायत टोंडीकलां को विद्युतीकरण कराने,
(ज) जिला राजगढ़ के ग्राम पंचायत टोडीकलां में मिडिल स्कूल खोलने,
(झ) जिला राजगढ़ के खुजनेर नगर के आसपास पोस्ट मार्टम रूम बनवाने, तथा
(त) जिला राजगढ़ तहसील राजगढ़ के ग्राम खेरासी में आयुर्वेदिक औषधालय खोले जाने,

के संबंध में याचिकाएं प्रस्तुत करेंगे.

4. वन मंत्री का वक्तव्य

श्री निर्भय सिंह पटेल, वन मंत्री, दिनांक 11 फरवरी, 1992 को पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या 16 (क्रमांक 384) के उत्तर में संशोधन करने के संबंध में वक्तव्य देंगे.

निर्धारित समय	5. वर्ष 1992-93 की अनुदानों की मांगों पर मतदान (क्रमशः)	
2 घन्टे (शेष 75 मि.)	(1) मांग संख्या 34 मांग संख्या 55	समाज कल्याण महिला एवं बाल कल्याण से संबंधित व्यय
1 घन्टा 30 मिनिट	(2) मांग संख्या 39	खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग से संबंधित व्यय
1 घन्टा 30 मिनिट	(3) मांग संख्या 36	परिवहन
1 घन्टा 30 मिनिट	(4) मांग संख्या 21 मांग संख्या 73	आवास एवं पर्यावरण विभाग से संबंधित व्यय वृक्षारोपण, वनीकरण, पर्यावरण एवं पड़त भूमि विकास से संबंधित व्यय
2 घन्टे	(5) मांग संख्या 20 मांग संख्या 63	लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से संबंधित विदेशों से सहायता प्राप्त परियोजनायें
1 घन्टा	(6) मांग संख्या 14 मांग संख्या 15	पशु पालन विभाग से संबंधित व्यय डेयरी विकास

6. नियम 52 के अधीन आधे घन्टे की चर्चा

(1) दिनांक 9 दिसम्बर, 1991 को राजस्व मंत्री से पूछे गये परिवर्तित अतारांकित प्रश्न संख्या 1 (क्रमांक 48) के उत्तर से उद्भूत विषय पर श्री जगदम्बा प्रसाद निगम, सदस्य चर्चा उठायेंगे.

(2) दिनांक 16 दिसम्बर, 1991 को राजस्व मंत्री से पूछे गये परिवर्तित अतारांकित प्रश्न संख्या 28 (क्रमांक 901) के उत्तर से उद्भूत विषय पर श्री सूबेदार सिंह, सदस्य चर्चा उठायेंगे.

भोपाल :
दिनांक : 11 मार्च, 1992

विश्वेन्द्र मेहता
सचिव
मध्यप्रदेश विधान सभा